25.07.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल मन की बात में करेंगे राष्ट्र निर्माण और गुमनाम नायकों की बात।

2- केंद्र सरकार ने सीजेपी की मांगों को सहानुभूतिपूर्वक माना, जंतर-मंतर पर जारी प्रदर्शन खत्म।

3- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दिया अपने पद से इस्तीफा, कहा- युवाओं को बहकाया गया।

4- प्रदेश के चार बड़े शहरों में होगा फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन, 3 माह में परीक्षा जैसे अन्य मामलों का होगा निराकरण।

5- भोपाल-इंदौर समेत 35 जिलों में आज बारिश का अलर्ट, 4 दिन तक भारी बारिश के आसार।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 136वां एपिसोड कल प्रसारित होगा। यह कार्यक्रम हमेशा की तरह सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी, दूरदर्शन और अन्य डिजिटल नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आमतौर पर राष्ट्र निर्माण, युवा शक्ति, नवाचार, खेल और पर्यावरण जैसे विषयों पर बात करते हैं। वे देश के कोने-कोने में समाज सेवा कर रहे गुमनाम नायकों के प्रेरणादायक विचारों को भी देश के सामने रखते हैं।

सीजेपी प्रदर्शन समाप्त

दिल्ली के जंतर मंतर पर जारी कॉकरोच जनता पार्टी-सीजेपी का प्रदर्शन समाप्त हो गया है। दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, जितेंद्र सिंह और सीजेपी प्रतिनिधियों आशुतोष रांका और सौरव दास के बीच बैठक के बाद इसका ऐलान किया गया। बैठक के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता में श्री नड्डा ने बताया गया कि केंद्र सरकार ने प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों को सहानूभूतिपूर्वक मान लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएंगे।

वहीं सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका और सौरव दास ने मीडिया सरकार का आभार जताते हुए प्रदर्शन वापस लेने की घोषणा की और सभी प्रदर्शनकारियों से शांतिपूर्वक अपने अपने घरों को लौटने का आह्वान किय़ा।

प्रधान इस्तीफा

इससे पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना इस्तीफा सौंप दिया। सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने कहा कि पिछले दस दिनों से विद्यार्थियों के विरोध प्रदर्शन के बाद उत्पन्न स्थिति से वे व्यथित हैं और यह उनके लिए व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का विषय नहीं है। श्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि जंतर-मंतर और पूरे देश में वर्तमान स्थिति का राष्ट्रविरोधी ताकतें लाभ ना उठा सके और किसी भी विद्यार्थी का भविष्य कानूनी पेचीदगियों में न उलझे इसलिए उन्होंने प्रधानमंत्री को इस्तीफा सौंपने का निर्णय लिया है। श्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन, विश्वास और निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सेवा उनके जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और वे इसके प्रति सदा समर्पित रहेंगे। श्री प्रधान ने कहा कि उन्होंने पहले दिन से ही पूरी जिम्मेदारी ली और कभी भी इस स्थिति से मुंह नहीं मोड़ा। उन्होंने कहा कि 16 जुलाई को घोषित नीट- यू.जी. के परिणाम संतोषजनक रहे, जिसमें वंचित पृष्ठभूमि के कई मेधावी विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है।

बलराम महोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों का कल्याण सर्वोपरि है। वे दतिया से वर्चुअली खरगोन के बलराम कृषि महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि कल्याण वर्ष की प्रथम छमाही में जहां कृषि उपकरणों की तकनीक, उन्नत कृषि के संबंध में कार्यशालाएं आयोजित की गईं, वहीं दूसरी छमाही में बलराम कृषि महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। बलराम कृषि महोत्सव का यह सिलसिला 15 जुलाई को इंदौर से प्रारंभ किया गया है। जो आगामी 13 नवम्बर तक जारी रहेगा, जहां जिले-जिले में बलराम कृषि महोत्सव आयोजित किए जाएंगे।

फास्ट ट्रैक कोर्ट

प्रदेश में भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में 4 फास्ट ट्रैक कोर्ट्स बनाये जायेंगे। जिनमें पेपर लीक और परीक्षा सहित अन्य मामलों का फास्ट ट्रैक कोर्ट में मात्र 3 माह में निराकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि यह समय की जरूरत है कि युवाओं से संबंधित न्यायिक फैसले द्रुत गति से हों। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार शिक्षक और विद्यार्थी वर्ग के कल्याण से जुड़े सभी विषयों पर अत्यंत गंभीर और संवेदनशील है। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और विद्यार्थियों के हित में लगातार महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं।

सांची स्वच्छ पर्यटन

सांची में आज 'स्वच्छ पर्यटन अभियान' के तहत व्यापक स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड एवं इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस अभियान में स्थानीय समुदाय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों, सफाई कर्मियों, एनसीसी के विद्यार्थियों, विद्यार्थियों, पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों और स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अभियान का उद्देश्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों को स्वच्छ, पर्यावरण-अनुकूल एवं सिंगल-यूज प्लास्टिक मुक्त बनाना तथा स्थानीय समुदाय को स्वच्छ पर्यटन की मुहिम का सक्रिय भागीदार बनाना रहा।

मौसम

प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय बना हुआ है। आज प्रदेश के 35 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि करीब 20 जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, उज्जैन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर और छिंदवाड़ा में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

राजगढ़ हादसा

राजगढ़ जिले में शनिवार को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डैम में जा गिरी। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खुजनेर थाना पुलिस के अनुसार, कार शुजालपुर की ओर जा रही थी। भीलखेड़ी जोड़ के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित डैम में जा गिरी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण, पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। कार पूरी तरह पानी में डूब चुकी थी। मृतकों की उम्र 40 से 55 साल के बीच बताई जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

1- प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं आगरमालवा जिले के प्रभारी नागर सिंह चैहान ने आज आगरमालवा में 111 करोड़ 40 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित सर्व सुविधायुक्त आगरमालवा, सुसनेर एवं नलखेड़ा के तीन सांदीपनी विद्यालय भवनों का लोकार्पण किया।

2- खंडवा में गुरु पूर्णिमा महोत्सव को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण हितैषी बनाने के लिए भंडारा आयोजनकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं से सिंगल यूज़ पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने की अपील की गई है।

3- राजगढ़ पुलिस द्वारा संचालित "ऑपरेशन चक्षु-360" अभियान के अंतर्गत राजस्थान एवं गुना जिले की सीमा से लगे ग्राम पंचायत किला अमरगढ़ में सुरक्षा की दृष्टि से 16 हाईटेक आईपी आधारित सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं।

4- अशोकनगर जिले में खरीफ 2026 फसलों का फसल बीमा के लिए किसान 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

5- पन्ना जिले कि आदर्श ग्राम पंचायत शाहनगर को पूरे मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस पंचायत को सबसे प्रदेश में ज्यादा आय अर्जित करने वाली पंचायत घोषित किया गया है।

6- बरसात के मौसम में बच्चों को डायरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए देवास जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 'दस्तक अभियान' चलाया जा रहा है।

7- सागर में आज भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।